छात्राओं ने ली पौधों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी

प्रयुक्ति @ नई दिल्ली

कटवारिया सराय स्थित एसडीएमसी के बालिका विद्यालय में बुधवार को पौधरोपण किया गया। द ग्रीन आई इनीसिएटिव फाउंडेशन के ट्रस्टी सचिन शिगवान और सुयोग गंगवानी के सहयोग से निगम विद्यालय में 60 पौधे लगवाए गए। कक्षा चौथी और पांचवी की छात्राओं ने पौधों को राखी बांधकर उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी उठाई। अब वे रोजाना अपने-अपने पौधे को समय पर पानी और खाद दिया करेंगी, जबकि इनकी गैर हाजिरी में शिक्षिकाएं और विद्यालय का चौकीदार इनकी देख-रेख करेगा।

इस कार्यक्रम में लाडो सराय वार्ड की निगम पार्षद किशनवती, योग गुरू मंगला दुबे, विद्यालय निरीक्षक हृदय सिंह तोमर, प्रबंध निदेशक यशपाल शर्मा, दिल्ली रोटरी क्लब के अध्यक्ष लोकेश गुप्ता, संजीव वर्मा और एसएल शर्मा उपस्थित रहे।